# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

**दिनांक 27.11.2018 को सम्पन्न DMFT (District Mineral Foundation Trust) के न्यास परिषद् की बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति– पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त महोदया एवं उप विकास आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधीयों एवं पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए DMFT, PMU, रामगढ़ को निदेशित किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को Booklet, प्रगति दर्पण पत्रिका एवं प्रस्तुतीकरण की एक प्रति उपलब्ध करायी गयी। Booklet की विषय–वस्तु के संबंध में DMFT, PMU, रामगढ़ द्वारा विस्तार से बताया गया। Booklet में संकलित बैठक की कार्यावली, कार्यान्वित योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन/Success Story एवं अगले वर्ष के लिए प्रस्तावित योजनाओं की सूची के बारे में विस्तार से स्पष्ट किया गया। कार्यकारी एजेन्सी को निदेशित किया गया कि वनभूमि पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमानुसार वन विभाग से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

तदोपरान्त दिनांक 21.11.2017 को सम्पन्न न्यास परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

1. **DMFT योजनाओं को ppt द्वारा प्रस्तुतीकरण**
   - PMU की टीम द्वारा ppt के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी लोगों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 की वित्तीय वर्षवार प्रारम्भिक शेष, एकत्रित राशि एवं उपयोग राशि की जानकारी दी गई।
   - रामगढ़ जिले में स्वीकृत योजनाओं की पूर्ण वित्तियन के बाद (15 नवम्बर 2018 तक) वित्त वर्ष 2018–19 के कार्य योजना हेतु शेष राशि की जानकारी दी गई तथा विभागवार प्राक्कलित राशि एवं विमुक्त राशि की भी जानकारी दी गई।
   - रामगढ़ जिले में प्रखण्डवार योजनाओं में खर्च की गई राशि पर चर्चा की गई। उक्त राशि को पेयजल आपूर्ति, चापाकल और राइजर पाईप की मरम्मती, आधारभूत संरचना, शौचालय, कुपोषण निवारण केन्द्र एवं ब्लड बैंक तथा डिजिटल हस्तक्षेप इत्यादि जैसी योजनाओं में उपयोग किया गया। जिसमें से सबसे ज्यादा पतरातु एवं माण्डू प्रखण्डों में योजनाऐं संचालित की जा रही हैं।
2. **One System वेबसाइट पर उन्मुखीकरण**
   - बैठक में उपस्थित सभी लोगों को One System के बारे में जानकारी दी गई। सभी को सूचित किया गया कि इसके माध्यम से मोबाईल/कम्पयूटर में भी DMFT द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है। वेबसाइट का लिंक http://ramgarhonline.in लोगो को उपलब्ध कराया गया।
   - One System में सभी संचालित योजनाओं को विभिन्न तरीकों से देखा जा सकता है–
     - **सेक्टरवार**–इसमे विद्यालयों में संचालित सोलर आधारित एवं डीप बोरिंग सहित सोलर आधारित, टोला एवं बिरहोर टोला डीप बोरिंग सहित सोलर आधारित, पुल, उच्च स्तरीय पुल, विद्यालय भवन तथा मार्केट शेड का चुनाव करके सभी संचालित योजनाओं को देखा जा सकता है।
     - **क्षेत्रवार**–इसमें प्रखण्ड का चुनाव करके सभी संचालित योजनाओं को देखा जा सकता है।
     - **एजेन्सीवार**–इसमें विभाग(पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल एवं लघु सिचाई प्रमण्डल, रामगढ़) का चुनाव करके विस्तार पूर्वक सभी संचालित योजनाओं को देखा जा सकता है।

3. प्रगति दर्पण पत्रिका का विमोचन

- न्यास परिषद् की बैठक में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, रामगढ़ द्वारा प्रगति दर्पण नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। जिसमें DMFT से संबंधित सारी जानकारी विस्तार में दी गई है तथा DMFT अन्तर्गत संचालित सभी योजनाओं को भी अंतर्निहित किया गया है।

4. प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की मार्गदर्शिका पर चर्चा

- DMFT प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत् संचालित है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की मार्गदर्शिका के बारे में बताया गया एवं साथ ही साथ DMFT से किस प्रकार की योजनाओं का चुनाव करना है, इस पर भी विस्तार में चर्चा की गई।

5. पूर्व न्यास परिषद् की बैठक की कार्यवाही पर चर्चा

- पूर्व न्यास परिषद् की कार्यवाही (Booklet के पृष्ट सं0 55–59) पर चर्चा की गई एवं DMFT अंतर्गत अनुमोदित एवं संचालित योजनाओं पर विस्तार में विचार–विमर्श किया गया।

6. न्यास परिषद् की स्वीकृति हेतु लम्बित, अनुमोदित योजनाओं पर चर्चा

- न्यास परिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में पारित योजनाओं को न्यास परिषद् के समक्ष 8 ऐसी योजनाऐं प्रस्तुत किया गया एवं सभी योजनाओं को पारित किया गया। जो Booklet के पृष्ट सं0 60 में दिया गया है तथा निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत ग्रोथ सेन्टर का निर्माण। | पतरातु | पालु | पालु | 4.04 करोड़ |
| 2 | पंचायत ग्रोथ सेन्टर का निर्माण। | माण्डू | माण्डूचट्टी | गोविन्दपुर | 3.97 करोड़ |
| 3 | कूज्जू गाँव में बहुद्देशीय भवन–सह–सामुदायिक विकास केन्द्र का निर्माण। | माण्डू | कूज्जू | कूज्जू | 4.91 करोड़ |
| 4 | टोकीसुद के रास्ते में मगरदाहा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण। | पतरातु | पालु | टोकीसुद | 4.72 करोड़ |
| 5 | पडरिया के रास्ते में बेहरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण। | माण्डू | बुमरी | छपरी | 2.55 करोड़ |
| 6 | पतरातु और माण्डू प्रखण्ड में विद्युतीय शवदाह गृह का निर्माण। | माण्डू पतरातु | | | 2.3 करोड़ (लगभग) |
| 7 | सदर अस्पताल रामगढ़ में ब्लड बैंक की स्थापना। | रामगढ़ | छत्तरमाण्डू | छत्तरमाण्डू | 46.00 लाख |
| 8 | प्रशासनिक/आकस्मिक निधि (Administrative/Contingency Funds) के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समाहरणालय सभा कक्ष (Conference Hall) में प्रस्तुतीकरण, समीक्षा बैठक एवं One System ऑनलाइन वेबसाइट के प्रस्तुतीकरण हेतु LED टेलीविजन का अधिष्ठापन। | रामगढ़ | छत्तरमाण्डू | छत्तरमाण्डू | 6.35 लाख |

- न्यास परिषद की अनुशंसा की प्रत्याशा में पूर्व में स्वीकृत एवं कार्यान्वित निम्न योजनाओं का अनुमोदन न्यास परिषद् द्वारा किया गया। उक्त सभी योजनाऐं निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | स्वीकृत राशि(रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | चितरपुर ग्रामीण जलापूर्ति का outsourcing का कार्य। | 1384393.00 |
| 2 | सुकरीगढा लारी ग्रामीण जलापूर्ति का outsourcing का कार्य। | 1149706.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | पोटमदगा ग्रामीण जलापूर्ति का outsourcing का कार्य। | 743316.00 |
| 4 | रामगढ़ जिलांतर्गत नलकूपों के साधारण मरम्मती एवं सम्पोषण। | 4982800.00 |
| 5 | रामगढ़ जिलांतर्गत 420 नलकूपों के सड़े हुए राईजर पाइप बदलाव। | 4397900.00 |

7. पिछले न्यास परिषद् की बैठक में स्वीकृत योजनाओं की सूची पर चर्चा

➢ पूर्व न्यास परिषद् की बैठक में 3 योजनाऐं जैसे–विद्यालयों में कम्पयूटर लैब, पुस्तकालय एव MDM शेड, पंचायत सचिवालय की चाहरदिवारी का निर्माण एवं माण्डू एवं पतरातू प्रखण्डों में महिलाओं के स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने हेतु स्वीकृत की गई थी। जिसकी सूची Booklet के पृष्ट सं0 61–67 में दी गई है। इन योजनाओं के लिए विद्यालयों, पंचायत जहाँ महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण एवं पंचायत सचिवालय चाहरदिवारी निमार्ण हेतु ग्राम सभा से प्राप्त सूची को न्यास परिषद् में पारित किया गया।

8. वित्त वर्ष 2018–19 के लिए ली जाने वाली योजनाऐं

➢ वित्तीय वर्ष 2018–19 में ली जानी वाली योजनाओं जैसे–गोला पंचायत में अनुसूचित जाति/जनजाति कन्या आवासीय विद्यालय का जीर्णोद्धार एवं उपस्कर की व्यवस्था, खनन प्रभावित क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर न्यूनतम लागत में पीने योग्य साफ एवं स्वच्छ पानी के लिए Water ATM का अधिष्ठापन, भैरवा जलाशय एवं नलकारी जलाशय के तीनों क्षेत्रों में मछली पालन प्रावधान तथा रामगढ़ जिले के 27 चयनित स्थलों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण इत्यादि पर बैठक में विस्तार में चर्चा की गई। जिसकी सूची Booklet के पृष्ट सं0 68–70 में दी गई है और उसके महत्व को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, रामगढ़ द्वारा सभी सदस्यों को बताया गया एवं योजनाओं को न्यास परिषद् में पारित की गई।

9. कुल 61 खनन प्रभावित पंचायतों में ग्राम सभा द्वारा पारित योजनाओं एवं जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर चर्चा

➢ वित्त वर्ष 2018–19 के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाने हेतु समस्त 61 खनन प्रभावित पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया गया। ग्राम सभा द्वारा पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला एवं बाल कल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं भौतिक मूल ढाँचा इत्यादि योजनाऐं पारित की गई। जिसकी सूची Booklet के पृष्ट सं0 71–180 में दी गई है। इन सभी योजनाओं पर न्यास परिषद् की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई एवं उन्हें पारित किया गया।

➢ जिले के विभिन्न विभागों (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग इत्यादि), सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधीयों द्वारा कई अन्य महत्वपूर्ण अनुशंसित योजनाओं पर भी चर्चा की गई एवं उन्हें पारित किया गया।

10. जिला परिषद् अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा अनुशंसित योजनाओं की अनुमोदन पर चर्चा

➢ रामगढ़ जिले के जिला परिषद् अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्राप्त योजनाओं की सूची को न्यास परिषद् में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री ब्रह्मदेव महतों, जिला परिषद् रामगढ़ के पत्रांक 47/2018, 48/2018, 49/2018, 50/2018 एवं 51/2018 दिनांक 17.11.2018 एवं सलंग्न जिला परिषद् सदस्यों द्वारा प्रस्तावित पृष्ट सं0 01–59 तक की योजनाओं को पारित किया गया।

11. गैर खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए विभिन्न विभागों, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधीयों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर चर्चा

➢ न्यास परिषद् की बैठक में गैर खनन प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न विभागों, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधीयों द्वारा प्राप्त योजनाओं की सूची Booklet के पृष्ट सं0 181–189 तक की सभी योजनाओं पर चर्चा की गई और योजनाओं को भी पारित किया गया।

12. प्रखण्ड स्तरीय उपलब्ध संसाधनों की उपभोग के द्वारा DMFT की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा

- ➢ बैठक में DMFT की योजनाओं को प्रखण्ड स्तर पर क्रियान्वित करने का प्रस्ताव रखा गया। इस विषय पर DMFT के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, रामगढ़ द्वारा न्यास परिषद् की बैठक में विस्तार में चर्चा की और न्यास परिषद् के सभी सदस्यों ने इस पर सहमती जतायी।

13. <u>अन्य अनुमोदन हेतु प्राप्त योजनाऐं</u>

- ➢ कार्यापालक अभियंता भवन प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय से पत्रांक 855 एवं दिनांक 22.11.2018 के आलोक में 8 योजनाओं के अनुमोदन प्रस्तुत किया गया जिसे न्यास परिषद् में पारित किया गया।
- ➢ पशुपालन विभाग से कडकनाथ पोल्ट्री खेती के लिए प्रस्ताव प्राप्त था जिसे न्यास परिषद् में पारित किया गया।
- ➢ रजरप्पा में निर्मित यात्री निवास में रसोईघर निर्माण, जिला में ट्रामा सेन्टर का निर्माण, रामगढ़ में टाउन हॉल का निर्माण, गोला प्रखण्ड में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण की योजनाओं को न्यास परिषद् में पारित किया गया।
- ➢ रामगढ़ DMFT से संचालित योजनाओं के बारे में जागरूकता हेतु Documentry फिल्म की योजना को न्यास परिषद् मे पारित किया गया।
- ➢ कुल्ही Irrigational Schemes एवं विधायक द्वारा अनुशंसित डीप बोरिंग की योजना को भी बैठक में पारित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0 / –
**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,**
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।

ज्ञापांक 1113 / जि0यो0 रामगढ़, दिनांक 06/12 / 2018

प्रतिलपि:– **PMU (DMFT), रामगढ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।**
प्रतिलिपि:– **सभी संबंधित पदाधिकारीयों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।**
प्रतिलिपि:– **सभी संबंधित माननीय जनप्रतिनिधीयों को सूचनार्थ समर्पित।**

06/12/18

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,**
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।